डॉ. बी. राजेन्दर
भा० प्र० से०
अपर मिशन निदेशक

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना

पत्रांक- बि0प्र0सु0मि0सो0/यो.वि.-03/2012 सो0..525.. दिनांक..21.05.2013

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी

विषयः- **RTPS काउन्टर पर संविदा पर नियोजित कार्यपालक सहायक द्वारा अधिष्ठापित कम्प्यूटर सेट की अप्रत्याशित घटना के कारण चोरी/नष्ट होने पर इसकी व्यवस्था करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कतिपय RTPS काउन्टरों पर चोरी, आगजनी, विधि व्यवस्था की समस्या आदि जैसे अप्रत्याशित घटना के कारण काउन्टर पर मिशन कार्यालय द्वारा संविदा पर नियोजित कार्यपालक सहायकों द्वारा अधिष्ठापित कम्प्यूटर सेट चोरी अथवा नष्ट हो जाता है। काउन्टर पर कम्प्यूटर सेट की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण RTPS का कार्य बाधित हो जाता है एवं कार्यनिष्पादन में व्यवधान उत्पन्न होता है।

RTPS के कार्यो को इस प्रकार की अप्रत्याशित घटना घटित होने के उपरांत पुनः तत्काल सुचारू बनाए रखने हेतु निर्णय लिया गया है कि:-

"RTPS काउन्टर पर संविदा पर नियोजित कार्यपालक सहायक द्वारा अधिष्ठापित कम्प्यूटर सेट यदि चोरी, आगजनी, विधि व्यवस्था की समस्या आदि जैसे अप्रत्याशित घटना के कारण चोरी/नष्ट हो जाता है, तो उस कार्यालय को जिला पदाधिकारी द्वारा समुचित कारण अंकित करते हुए अनुशंसा भेजने पर कम्प्यूटर सेट की उपलब्धता मिशन कार्यालय द्वारा करायी जाएगी। यह कम्प्यूटर सेट मिशन कार्यालय की सम्पत्ति होगी।"

अतः अनुरोध है कि उक्त निर्णयानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन
Rajendar 21.5.2013
(डा0 बी0 राजेन्दर)
अपर मिशन निदेशक

कार्यालयः- सिंचाई बैरक नं. -1 हार्डिंग रोड, पटना,-800015 फोनः-0612-2545191, फैक्स-0612-2215908
e-mail : amd.bpsm@gmail.com, web : www.bpsm.bih.nic.in